# प्रेस विज्ञप्ति

## सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2021-22 (श्रृंखला VII) - निर्गम मूल्य

भारत सरकार की अधिसूचना संख्या फ़.संख्या.4(5)-B(W&M)/2021 दिनांक **21 अक्तूबर, 2021** के संदर्भ में, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2021-22 (श्रृंखला-VII), **अक्तूबर 25-29, 2021** की अवधि के लिए खोली जाएगी। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड्स 2021-22 (श्रृंखला-VII) की निपटान तिथि **02 नवम्बर, 2021** होगी । इस अभिदान अवधि के दौरान बॉन्ड का निर्गम मूल्य ₹ 4,761 (चार हजार सात सौ इकसठ रुपये मात्र) प्रति ग्राम होगा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक की प्रेस विज्ञप्ति दिनांक **22 अक्तूबर, 2021** में भी प्रकाशित किया गया है ।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों, जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये मात्र) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य रु 4,711 (चार हजार सात सौ ग्यारह रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ बलॉक,
नई दिल्ली- 110001.
**दिनांकः 22 अक्तूबर, 2021.**